# गल्ला नहीं मिला तो जनता ने कर दिया सड़क जाम

## शासकीय उचित मूल्य दुकान बरका, सैकड़ों उपभोक्ताओं को नहीं मिला पॉच से नौ महीने तक का राशन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी । जिले की सरई तहसील अंतर्गत बरका गांव में शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न न मिलने पर जनता का गुस्सा फूट पड़ा। महीनों से गल्ला वितरण में हो रही कथित अनियमितताओं से परेशान ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अचानक हुए जाम से कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।**



बरका गांव के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान के पूर्व विक्रेता दादूलाल सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन से पूरा खाद्यान्न उठाया जाता है, लेकिन पात्र हितग्राहियों को समय पर और पूरा गल्ला नहीं दिया। कई कार्डधारकों को यह कहकर लौटा दिया कि स्टॉक समाप्त हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गल्ले की खुलेआम चोरी कर उसे बाजार में खपाया जा रहा है। इस संबंध में पहले भी शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सड़क जाम की सूचना मिलते ही बरका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित जनता को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी और जल्द समाधान निकाला जाएगा। काफी देर बाद लोगों ने जाम खोला, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है, कार्रवाई आज तक नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि उचित मूल्य दुकान में भर्रेशाही मची है। जिला खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक के यहां भी शिकायत किया गया, लेकिन शिकायत में कोई भी असर नही पड़ा। मौके पर सहकारिता अधिकारी के साथ-साथ निरीक्षक भी पहुंच समझाइस देकर मामले को शांत कराया।

### चोरी चुपके खाद्यान्न वितरित करने का आरोप

बरका गांव के राशन कार्डधारक कृष्ण कुमार जायसवाल ने मीडिया कर्मियों को बताया कि ऐसे कई सैकड़ा से ऊपर हितग्राही हैं। जिन्हें पॉच से नौ महीना का राशन विक्रेता के द्वारा नही दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि चोरी चुपके दो-चार लोगों को खाद्यान्न देता भी रहता था। जबकि सैकड़ों राशनकार्ड धारको को खाद्यान्न नही दिया और राशनकार्डधारी पर्ची लेकर राशन दुकान का चक्कर काट रहे हैं। आज दिन मंगलवार को मजबूर होकर सड़क जाम करना पड़ा है। यहां के अन्य राशनकार्ड धारियों ने कहा कि दुकान में भर्रेशाही मची थी। जिसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों के यहां की गई, लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारियों से विक्रेताओं का सांठगांठ है। अधिकारी भी विक्रेताओं के सुर में सुर मिलाते रहते हैं। कहीं न कहीं कमीशनखोरी में खाद्य अमला लिप्त है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल

खाद्यान्न न मिलने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब, मजदूर, वृद्ध और महिलाएं झेल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय योजनाओं का लाभ कागजों तक सिमट कर रह गया है। जनता की साफ मांग है कि गल्ला चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने पर दुकान के पूर्व विक्रेता दादूलाल सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और तत्काल खाद्यान्न वितरण शुरू कराया जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन जनता के आक्रोश से सबक लेगा या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरका की जनता प्रशासन से अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है। फिलहाल आज के इस सड़क जाम से खाद्य अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी लोगबाग सवाल उठाते हुये लम्बे अर्से से पदस्थ खाद्य अधिकारी को हटाये जाने की मांग की है।

# डिग्री कॉलेज बैढ़न के अतिथि विद्वान पर लगे आरोपों ने पकड़ा तूल

## शिकायत कर्ता पर दबाव बनाने की चर्चा जोरों पर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी । डिग्री कॉलेज बैढ़न के चर्चित अतिथि विद्वान पर लगे गंभीर आरोप अब फॉलोअप में और गहराते नजर आ रहे हैं।**

कथित छात्राओं को व्हाट्सएप कॉलिंग व चैटिंग के माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा में अधिक अंक और मुख्य परीक्षा में मदद का प्रलोभन देने के मामले ने कॉलेज की चारदीवारी से बाहर निकलकर प्रशासनिक गलियारों तक हलचल मचा दी है। शिक्षा जगत में इस प्रकरण को लेकर नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ रही हैं। सीएम हेल्पलाइन 181 में एक छात्रा के पति द्वारा की गई शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन की सक्रियता अचानक बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार शिकायत सामने आने के बाद प्रबंधन मामले को आंतरिक स्तर पर सुलझाने की कोशिशों में जुट गया है।

### महाविद्यालय प्रबंधन की भूमिका सवालों के घेरे में

ताजा जानकारी के अनुसार शिकायत दर्ज कराने वाली छात्रा पर प्रकरण वापस लेने के लिए कथित तौर पर दबाव बनाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि समझाइश और दबाव का दौर लगातार जारी है, जिससे मामला और संवेदनशील होता जा रहा है। इस घटनाक्रम के बाद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शिकायत सही है तो दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, न कि शिकायत को दबाने का प्रयास। अब सवाल यह उठता है कि क्या उच्च शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन इस मामले में स्वत: संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराएंगे या फिर यह मामला भी प्रभावशाली संरक्षण की भेंट चढ़ जाएगा। फिलहाल डिग्री कॉलेज बैढ़न का यह विवाद जिले की सबसे चर्चित शैक्षणिक सुर्खियों में बना हुआ है।

# विवेकानन्द जी के आदर्श एवं विचारों को आत्मसात करें युवा : बद्री

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी । मायाराम महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**



कार्यक्रम का संचालन जतिंदर कौर एवं एनएसएस अधिकारी सुरेश सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए आदर्शों और विचारों को आत्मसात कर युवा देश का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के चरित्र, अनुशासन और कर्मशीलता पर निर्भर करता है। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सूर्य नमस्कार के लाभों की जानकारी भी दी गई। इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायी बन सका।

# मकर सक्रांति पर्व आज और कल, सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था

## जिले के सोन-गोपद संगम नदी के तट पर लगेगा मेला, बाजार में पूरे दिन रहा चहल-पहल का माहौल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी। मकर सक्रांति पर्व का शुभ मुहुर्त दिन गुरूवार को है। जहां जिले भर में मकर संक्राति पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। जिले के चितरंगी, माड़ा, कचनी, सरई इलाके के गोपद सोन नदी तट पर विशाल मेला भी लगेगा। मकर संक्राति के पर्व पर लाखों श्रद्धालु सोन एवं गोपद नदी में आस्था की डूबकी लगाएंगे।**



यहां बताते चले कि इस वर्ष मकर संक्राति पर्व का शुभ मुहुर्त 15 जनवरी दिन गुरूवार को है। फिर भी पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी कल दिन बुधवार 14 जनवरी को मनाएंगे। वहीं उक्त पर्व को लेकर बाजारों में लाई, गुड़, चुड़ा एवं तील की दुकाने सजी हुई हैं। जहां गुड़ एवं लाई-चुड़ा की कीमत प्रति किलो 60 रूपये पहुंचा है। इधर उक्त पर्व पर चितरंगी इलाके के सोन-गोपद नदी तट के वर्दी सरई थाना क्षेत्र के गोपद तट सुरसराई घाट झारा, कचनी, पचौर, माड़ा में विशाल मेला लगता है। यहां तक कि वर्दी एवं सुरसराई घाट में 15 दिनों तक मेला लगता है। इसके मद्देनजर पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी है।

### मकर संक्रांति पुण्य काल मुहूर्त 15 को

ज्योतिषविद् पं.डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी माघ कृष्ण पक्ष एकादशी बुधवार को रात्रि में 9:19 बजे, सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसका पुण्य काल 15 जनवरी, द्वादशी गुरूवार को प्रात: काल से दोपहर 1:19 तक रहेगा। अत: इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाना श्रेष्ठ होगा। इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है। इसीलिए इसे मकर संक्रांति के नाम से जानते है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। इसलिए इसे उत्तरायण संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। मकर संक्रांति से खरमास समाप्त होता है और शुभ व मांगलिक कार्यों की फिर से शुरुआत हो जाती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से निकल कर अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश कर एक मास और इसके पश्चात शनि देव की ही राशि कुंभ में एक मास निवास करते है।


## एक नजर में

### ओवर लोड चार हाईवा वाहन जब्त



**सिंगरौली।** आरटीओ ने आज दिन मंगलवार को वाहनों के जांच-पड़ताल के दौरान चार ओवर लोड गिट्टी एवं रेता का परिवहन करते समय हाईवा वाहनों को जप्त कर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर आरटीओ विक्रम सिंह राठौर ने आज ओवर लोड वाहनों का जांच किया। जिसमें हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2988 समेत अन्य तीन हाईवा वाहन गिट्टी एवं रेता का ओवर लोड परिवहन कर रहे थे। इन वाहनों को जप्त कर विंध्यनगर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इस दौरान लिपिक व्योमकांत तिवारी समेत अन्य सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

### चलो पंचायत चलो बूथ जोड़ो यूथ अभियान



**सिंगरौली।** चलो पंचायत चलो बूथ जोड़ो यूथ अभियान के तहत जारी कार्यक्रम में आज दिन मंगलवार को जिले के विधानसभा देवसर अंतर्गत ब्लॉक बरगवां के ग्राम पंचायत तेलदह में युवा कांग्रेस देवसर विधानसभा उपाध्यक्ष अमन सिंह के अगुवाई में जिला अध्यक्ष युवा प्रेम प्रकाश सिसोदिया एवं जिला उपाध्यक्ष युवा सिंगरौली मनोज सिंह पिंटू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की जनविरोधी, नीतियां, नाकामियां वादा खिलाफी, युवा बेरोजगारी, किसानों के साथ अन्याय पर हमला बोला।





# राजीव ने कहा एक समय हिंदू समाज बिखरा हुआ था

## स्वामी विवेकानंद जयंती बैढ़न में युवा सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी । स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर बीते दिन सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संगठन भावना और सामाजिक समरसता का भाव जागृत करना रहा।**

कार्यक्रम के दौरान कबड्डी, खो-खो जैसे पारंपरिक शारीरिक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेलों के माध्यम से शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन और टीम भावना का संदेश दिया गया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य क्षेत्र के शारीरिक शिक्षण प्रमुख गंगा राजीव का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र को परम वैभवशाली बनाने में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु तेग बहादुर, भगवान बिरसा मुंडा, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं डॉ. हेडगेवार जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

राजीव ने कहा कि एक समय हिंदू समाज बिखरा हुआ था, लेकिन संघ के सतत 100 वर्षों के प्रयासों से संगठन और समरसता की भावना मजबूत हुई है, जिसे आगे बढ़ाना आज की युवा पीढ़ी का दायित्व है। अपने उद्बोधन में राजीव ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उसके भावों को आत्मसात करने की अपील की।

# कपूर त्रिपाठी मोरवा, अनिल को नवानगर थाने की कमान



सिंगरौली 13 जनवरी । जिले में मोरवा थाना में निरीक्षक की पदस्थापना को लेकर सोमवार की रात विराम लग गया। एसपी ने कपूर त्रिपाठी पर भरोसा जताते हुये नवीन पदस्थापना किया है।

गौरतलब है कि मोरवा थाना पिछले पॉच दिन से निरीक्षक विहीन था। टीआई यूपी सिंह का तबादला भोपाल हो जाने के बाद कई जिले के कई थानों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ कई निरीक्षक रेस में थे। सबसे मजबूत दावेदारी चितरंगी टीआई सुदेश तिवारी एवं सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया की मानी जा रही थी और मंत्री से लेकर कइयों के पसंददीदा भी थे। सोमवार की रात एसपी ने नवानगर टीआई कूपर त्रिपाठी को मोरवा एवं अजाक थाना में पदस्थ निरीक्षक अनिल पटेल को नवानगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। एसपी मनीष खत्री ने आदेश जारी किया है, जहां आदेश जारी होते ही कई दावेदारों के चाहने वाले लोगों को बड़ा झटका भी माना जा रहा है।

# एनसीएल में अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जनवरी । एनसीएल की जयंत परियोजना में गत सोमवार को छः दिवसीय अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली जा रही है, जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं।**

अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का पहला मैच दुद्धिचुआ एवं अमलोरी के बीच खेला गया, जिसमें दुद्धिचुआ टीम ने अमलोरी को हराया। वहीं दूसरे मैच में निगाही और ककरी टीम का आमना-सामना हुआ, जिसमें निगाही ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही ब्लॉक-बी और खड़िया के बीच मुकाबले में ब्लॉक बी टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन बीना एवं अमलोरी के बीच मैच हुआ, जिसमें बीना ने अमलोरी को हराकर जीत हासिल की एवं सीडबल्यूएस और खड़िया परियोजना के बीच मुकाबले में सीडबल्यूएस ने बाजी मारी। एनसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच 17 जनवरी को खेला जाएगा।